## सार-समाचार

### खर्रा ने कानीवाड़ा बालाजी के दर्शन किए

**जालोर**, (कासं)। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को कानीवाडा हनुमान जी मंदिर में श्रद्धापूर्वक दर्शन कर पूजा-अर्चना की। जहां खर्रा के मंदिर पहुंचने पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा के नैतत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कानीवाडा मंदिर में हनुमान के चरणों में प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति के लिए विशेष प्रार्थना की। मंत्री खर्रा ने प्रदेशवासियों के कल्याण, किसानों की समृद्धि, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश की उन्नति और आमजन की खुशहाली ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य के साथ सरकार लगातार कार्य कर रही है। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी उन्होंने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश के विकास में सहयोग करने का संदेश दिया। वही नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा के कानीवाडा पहुंचने पर भाजपा एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री मनोहर राणा, फगलू राम, बबलू मीणा, गुलाब मीणा सहित कई कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। वे आज एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे।

### सीसी सड़क में घटिया सामग्री का आरोप

**फलोदी**, (कासं)। जिले के जैसला ग्राम पंचायत में चल रहे सीसी सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री व पर्याप्त बजरी सीमेंट मैटेरियल का उपयोग नहीं किए जाने का विरोध कर ग्रामीणों ने बुधवार को स्थानीय प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जैसला चौराहा से जैसला गांव के मध्य तक तकरीबन एक किलोमीटर सडक बननी है। लेकिन यहां गांव के मध्य अतिक्रमण से संकडे पडे रास्तों को खुलवाना मुश्किल देख गांव में ही जांभा जी मंदिर के पास जनसहयोग से बनी सडक को ठेकदार द्वारा बेवजह खोदकर बाकी बची सडक को वहां थोपने का ग्रामीण जनों ने आरोप लगाया है। वहीं ठेकेदार के मैनेजर रामदेव ने भी लापरवाही को कबूला और बताया कि यहां चल रहे सडक निर्माणकार्य के दौरान कार्य प्रगति का बोर्ड नहीं लगाया गया। साथ ही सडक निर्माण की लागत कहा से कहा और कितने किमी तक बने इस बात की भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग के सवाल पर भी ठेकेदार के मैनेजर संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाए।

### विश्व प्लम्बर दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। भारत सरकार के निर्देशानुसार जल शक्ति मंत्रालय के जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 8 से 22 मार्च तक संचालित जल महोत्सव अभियान के तहत बुधवार को विश्व प्लम्बर दिवस के उपलक्ष्य में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत जालोर के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि हर वर्ष 11 मार्च को विश्व प्लम्बर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को साफ पानी स्वच्छता और प्लंबिंग के बारे में जागरूक करना है। यह दिन पूरी दुनिया में प्लंबरों के योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर जलदाय विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि घर, स्कूल, अस्पताल, उद्योग हर जगह साफ पानी और ड्रेनेज सिस्टम प्लंबरों के मेहनत से ही संभव होता है। पहली बार यह दिवस 2010 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया। प्लंबर समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जल जीवन मिशन के तहत प्लम्बरों का प्रशिक्षण भी राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित किया गया है। पानी की हर बूंद बचाने के लिए बेहतर प्लंबिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। जब गंदा पानी सही रास्ते से निकल जाता है तो उसके पीछे किसी न किसी प्लंम्बर की मेहनत होती है। इसलिए हमें हमेशा प्लंबरों के योगदान को याद रखना चाहिए। आईटीआई के प्राचार्य उम्मेदसिंह, अरविन्द, कुलदीप सिंह, सहित तकनीकी कर्मचारी व आईटीआई के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### योगी आदित्यनाथ जालोर आएंगे

**जालोर**, (कासं)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 व 16 मार्च को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मार्च को दोपहर 1.55 बजे हेलीपैड रिजर्व पुलिस लाइन चित्तौड़गढ़ से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 2.45 बजे सिरे मंदिर रोड जालोर स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ग्राउण्ड में पहुंचेंगे। दोपहर 3 बजे विद्यालय से प्रस्थान कर पैदल मार्ग द्वारा सायं 4 बजे सिरे मंदिर पहुँच स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम भी करेंगे। इसी प्रकार 16 मार्च को प्रातः 9.30 बजे से प्रातः 9.45 बजे तक श्री रत्नेश्वर महादेव मन्दिर में पूजन-अर्चन कर प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक धर्म सभा में भाग लेंगे। प्रातः 11 बजे सिरे मंदिर से प्रस्थान कर प्रातः 11.50 बजे हेलीपैड स्थल पर पहुँचेंगे। जहाँ से प्रातः 11.55 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यात्रा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत हेलीपैड स्थल, सभा एवं मंदिर स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंप आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### बुचकला में बालिकाओं को स्कूल बैग बांटे

**जोधपुर**, (कासं)। जिले के गांव बुचकला में पूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत की धर्मपत्नी स्वर्गीय सूरज कंवर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमती सूरज कंवर राजकीय बालिका विद्यालय बुचकला में उनके परिवार द्वारा बालिकाओं को स्कूल बैग वितरण करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्व . सूरज कंवर के दोहित्र एवं भाजपा नेता अभिमन्यु सिंह राजवी ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग पर बहुत जल्द ही विद्यालय को क्रमोन्नत कराने का कार्य करवाया जाएगा। इस अवसर पर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष कुलवंत सिंह, चांदेलाव सरपंच प्रतिनिधि प्रद्युम्न सिंह, बुचकला सरपंच प्रतिनिधि रामरतन गोदारा, विक्रम सिंह राठौड़, जयदीप सिंह राठौड़, हरि सिंह राठौड़ सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सूरज कंवर का जन्म बुचकला में ठाकुर कल्याण सिंह के घर हुआ था। उनका विवाह वर्ष 1941 में भैरोंसिंह शेखावत के साथ हुआ था। जब शेखावत उपराष्ट्रपति बनकर बुचकला आए तब पृथ्वी सिंह राठौड़ के कहने पर उन्होंने गांव बुचकला में श्रीमती सूरज कंवर राजकीय बालिका विद्यालय की स्थापना करवाई थी।

### स्वर्णाभूषण लौटाया, ईमानदारी दिखी

**जोधपुर**, (कासं)। ईमानदारी और संस्कार की मिसाल पेश करते हुए दो बेटियों ने सड़क पर मिला तीन तोले से अधिक वजन का सोने का आभूषण उसके असली मालिक को लौटाकर समाज में प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। इस सराहनीय कार्य के बाद क्षेत्र के लोग दोनों बच्चियों की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बनाड़ क्षेत्र में गोदावास भोपालगढ़ निवासी ज्योति पुत्री रामनिवास चौधरी और प्रतिज्ञा पुत्री रामदीन चौधरी को सड़क पर एक सोने का आभूषण मिला, जिसका वजन तीन तोले से अधिक था। दोनों बच्चियों ने ईमानदारी दिखाते हुए तुरंत इसकी जानकारी अपने परिवार के सदस्यों को दी। इसके बाद परिवार के लोगों ने आभूषण के असली मालिक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इसी दौरान जिस महिला का यह स्वर्ण आभूषण खो गया था, वह भी उसे ढूंढते हुए वहां पहुंच गई। बातचीत के बाद पुष्टि होने पर ज्योति और प्रतिज्ञा के परिवार ने वह आभूषण महिला को वापस लौटा दिया। जब आसपास के लोगों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली तो सभी ने दोनों बच्चियों की ईमानदारी और उनके परिवार द्वारा दिए गए संस्कारों की सराहना की। साथ ही उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### अमीन खां नायब तहसीलदार बने

**जालोर**,(कासं)। जालोर निवासी अमीन खान का भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार बनने पर राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माईनोरिटी एसोसिएशन ने बधाई प्रेषित की। जालोर निवासी अमीन खां भू अभिलेख निरीक्षक जोडवाडा तहसील जसवंतपुरा का नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नति हुई है। अमीन खां इससे पहले पटवारी हरजी, पुनासा, सिराणा रह चुके हैं। अमीन खान प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसिएशन भी हैं। अमीन खा के नायब तहसीलदार बनने पर रकमा पदाधिकारियो ने बधाईया दी। वही ऑल राजस्थान सिलावट मुस्लिम वेलफेयर संस्थान के जिलाध्यक्ष शहजाद खा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी खुशी जाहिर कर बधाईयां दी।

# शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग, घर-घर हुई पूजा

**जोधपुर**, (कासं)। जन-जन की आस्था का प्रतीक लोकपर्व शीतलाष्टमी बुधवार को पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाया गया। आज सुबह से कागा स्थित शीतला माता मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर घर-घर में शीतला माता की पूजा-अर्चना हुई और सौभाग्यवती महिलाओं ने पति और पुत्र की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। मान्यता के अनुरूप सुबह घरों में शीतला माता का पूजन किया गया। बच्चों को शीतला माता के समक्ष धोक लगवाई गई। ऐसी आस्था है कि शीतला माता की धोक लगाने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे।

शीतलाष्टमी पर घरों में शीतला माता, ओरी माता, अचपड़ाजी एवं पंथवारी माता का प्रतीक बनाकर पूजन किया गया। खास बात यह है कि आज के दिन माता शीतला को शीतल और एक दिन पहले पकाए गए पकवानों का भोग लगाया गया।

कुछ घरों में सूर्योदय से पूर्व पूजा हुई तो कई परिवारों ने सूर्योदय के बाद शीतला माता की विधिवत पूजा की। वहीं कागा तीर्थ स्थल में मां शीतला के मंदिर में सुबह से भीड़ पडनी शुरू हो गई।

मंदिर के कपाट खुलते ही लोग शीतला माता की पूजा-अर्चना में जुट गए। दिन चढऩे के साथ लोगों की भीड़ बढ़ती गई। केवल जोधपुर ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोग भी माता के दर्शन करने पहुंचे। शीतला माता पूजन पूरे भारत में केवल जोधपुर में चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी के बजाय दूसरे दिन अष्टमी के दिन किया जाता है। इसका प्रमुख कारण विक्रम संवत 1826 में सप्तमी के दिन जोधपुर के तत्कालीन महाराजा विजयसिंह के महाराज कुमार की मृत्यु होने से जोधपुर सहित मारवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों में अकता रखने की परम्परा है।

### कागा तीर्थ पर सुरक्षा कड़ी रही

कागा तीर्थ पर चल रहे मेले में मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना उठानी पड़ी। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए है। शीतला माता (कागा तीर्थ) ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल कच्छवाहा ने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान मंदिर के आसपास मौजूद है जिससे कि असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन की व्यवस्था के लिए स्वयंसेवक तैनात किए गए है।

### 24 घंटे दर्शनों की विशेष व्यवस्था

ट्रस्ट अध्यक्ष निर्मल कच्छवाहा ने बताया कि आगामी अमावस्या तक दर्शनार्थियों के लिए मन्दिर 24 घंटे खुला रहेगा।

मन्दिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखा गया है और दर्शनार्थियों के सहूलियत के लिए 24 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। मेले के दौरान - महिलाओं-पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

मंदिर की सीढ़ियों से निकासी द्वार तक जगह-जगह क्लोज सर्किट कैमरे से नजर रहेगी। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर में सुरक्षा गार्ड और करीब 55 हाई क्वालिटी के कैमरे भी लगवाए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बेरिकेडिंग भी की गई है। इसके अलावा पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट भी लगाया गया है।

### सोजत में सात दिवसीय मेला

पाली, (नि.सं.)पाली जिले के सोजत में हर साल की तरह इस बार भी शीतला माता का मेला होली के दूसरे दिन से शुरू हो जाता है, जिसका अष्टमी को समापन होता है।

मुख्य मेला सप्तमी व अष्टमी को आयोजित होता है। शीतला सप्तमी के अवसर पर सुबह मंदिर परिसर में ठंडा चढ़ाने महिलाएं पहुंची और दोपहर बाद सोजत सिटी के अलावा विभिन्न गांव से गैर दल रंग-बिरंगे परिधान पहन पांव में घुंघरू हाथों में डांडिया लिए गैर नृत्य का प्रदर्शन करने मेला मैदान पहुंचे। माली समाज के विभिन्न महलों की गैरों के साथ गाजी समाज प्रजापत समाज, सीरवी समाज के गैर पहुंची, जिन्हें देखने जोरदार भीड़ उमड़ी। नगर पालिका द्वारा गैरों दलों का स्वागत किया गया। वहीं मेले में आकाशीय झूले, मौत का कुआ सर्कस, बच्चों के मिट्टी के खिलौने, फैंसी आइटम कपड़े, खेती बाड़ी की समान, लकड़ी के समान खाने पीने की स्टाले पर लोगों ने आनंद उठाया। वहीं रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। देर रात्रि रंग बिरंगी रोशनी में लोगों ने मेले का आनंद उठाया। बुधवार को भी मेले में लोगों की भीड़ रही।

### पूजन करने पहुंची महिलाए

शीतला माता का पूजन करने रात्रि 12 बजे से मंदिर के बाहर लाइन लगनी शुरू हो गई थी।

महिलाएं स्नान आदि कर सज धज कर माता की पूजा, थाली सजाकर लाई। जिसमें दही की घाट, कंकू, मौली, मेहंदी, चुनरी आदि सजाकर मंदिर पहुंची और माता को ठंडा बासौडा का भोग, जिसमें दही, केर कुंमतीय की सब्जी, दही की घाट, रोटी का भोग लगाया। अपने परिवार में बच्चों की सलामती की प्रार्थना की।

पूजन का सिलसिला अल सुबह शुरू होकर दोपहर 11 तक चला, महिलाओं का 3 घंटे बाद पूजन के लिए नंबर आया। उसके बाद मंदिर की सफाई और शाम को मेला लगा।

# राजस्थान दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित सम्पन्न हुई, जिसमें उन्होंने राजस्थान दिवस समारोह की आवश्यक तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान गए।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि राजस्थान दिवस समारोह-2026 के कार्यक्रमों का आयोजन संवत्सर के अनुसार 15 मार्च से 19 मार्च तक किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 15 मार्च को जिला स्तर पर विकसित रन का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान दिवस समारोह के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही राजस्थान को जाने डिजिटल क्विज का रजिस्ट्रेशन आरम्भ होगा। इसका नोडल विभाग स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग होंगे। कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एक जिला एक उत्पाद मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन उद्योग विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को राजस्थान जन जातिय गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी प्रकार 17 मार्च को जिला स्तर पर स्कूल/कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा "राजस्थान को जाने" क्विज का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को किसान एवं पशुपालक समृद्धि दिवस पर किसानों एवं पशुपालकों से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सायंकाल में राजकीय मंदिरों में आरती कार्यक्रम तथा महाआरती की जाएगी। राजस्थान दिवस का मुख्य समारोह व लाभार्थी सम्मेलन जालोर में 19 मार्च को आयोजित होगा।

इसमें लाभार्थियों के साथ संवाद एवं लाभ हस्तांतरण किया जाएगा। सायंकाल में आतिशबाजी एवं जिला स्तर पर भी सांस्.तिक कार्यक्रमों का आयोजन नोडल विभाग पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा।

जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई सहित कई जने उपस्थित रहे।

# मैरिज पार्टी में बैग के कट लगाया, दो लाख की नगदी के लिफाफे पार किए

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में इन दिनों चल रही शादी पार्टियों में चोरों की गैंग सक्रिय बनी हुई है। 7 मार्च को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित एक रिसोर्ट में बीकानेर की महिला के बैग से पर्स होने के बाद एक बार फिर शादी पार्टी में बैग से दो लाख रूपए चोरी होने का प्रकरण सामने आया है।

यह घटना भी 7 मार्च की है, जिस संबंध में अब बोरानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई है। फिलहाल पुलिस दोनों प्रकरण में जांच में जुटी है।

बोरानाडा पुलिस के अनुसार धुंधाडा हाउस, बच्छराज का बाग निवासी इन्द्रजीत सिंह मेवाड़ा ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 7 मार्च को उसके भतीजे की शादी इन्द्रप्रस्थ रिसोर्ट के पास स्थित एसएच गार्डन पाल-चौपासनी बाइपास रोड पर थी। रात वह मेहमान नवाजी में लगा हुआ था। तब किसी शख्स ने बैग पर चीरा यानी कट लगाकर बैग से दो लाख रूपए पार कर लिए। यह रूपए चार बंडलों में थे जोकि मेहमानों द्वारा दिए गए थे। सभी नोट 500-500 की शक्ल में थे। रिपोर्ट में संदेह जताया गया कि वहां आए मेहमानों की आड़ में किसी ने यह वारदात की है। ढोल बजाने वालों के साथ भी कोई शामिल हो सकता है। फिलहाल बोरानाडा पुलिस प्रकरण में अठिाम जांच कर रही है।

बता दें कि 7 मार्च को ही बीकानेर की मंजूदेवी शादी में शामिल होने इंद्रप्रस्थ रिसोर्ट पर आई थी। वहां पर उसके बैग से दो पर्स पार कर लिए गए थे। पर्स में 17 हजार की नगदी के साथ साढ़े तीन तोला वजनी सोने के आभूषण और चांदी का फूलड़ा था। दोनों मामले 7 मार्च के है।

ऐसी संभावना भी जताई जाती है कि दोनों वारदातों में एक ही गैंग का हाथ हो सकता है।

# जालोर मे भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**जालोर**, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय के ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में हुआ।

कार्यशाला का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं कार्यशाला के मुख्य वक्ता नारायण पुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित की अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी महेन्द्र मेघवाल के वरिष्ठ आतिथ्य एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दानाराम चौधरी, आवडदान चारण एवं अभियान के जिला संयोजक बंशीलाल सुथार, पूर्व उपमंत्री भूपेंद्र देवासी, हीगलाजदान चारण,मंजू मेघवाल, मंगलसिंह सिराणा, केराराम चौधरी, मुकेश कुमार खण्डेलवाल एवं मंचासीन अतिथियों सहित मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिले प्रशिक्षण वक्ताओं की उपस्थिति में तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वन्देमातरम् गान के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता , भाजपा प्रदेश मंत्री नारायण पुरोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है। राष्ट्र प्रथम की अवधारणा से प्रेरित हमारी पार्टी का अधिष्ठान सिद्धांत में है, न किसी परिवार या वंश, जाति अथवा मजहब मे है नेशन फस्ट, पार्टी नेक्स्ट, सेल्फ लास्ट की भावना से हम अनुप्राणित है। राष्ट्र को जोडने वाला सूत्र है, भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और यह आत्मविश्वास भी कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि हमारे सिद्धांत की अभिव्यक्ति भारत माता की जय उद्घोष से होती है। यह उदघोष हमारे सिद्धांत का बीजभूत आधार है। भारत माता संस्कृति तथा जय को व्यक्त करते है। राष्ट्र हमारे अतीत से भी जुडा हुआ है और वर्तमान भी है। हमारी समृद्ध स्मृतियों की धरोहर है और सह अस्तित्व और जीवंत विरासत के मूल्यों का गौरवशाली प्रवाह है, जो समृद्ध सशक्त एवं सुदृढ भविष्य की ओर प्रेरित है। जिलाध्यक्ष ने सभी को मण्डल स्तरीय वर्ग को सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन के धर्य को लेकर सम्पन्न करने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का सहयोग लेते आगे बढना है। जिला संगठन प्रभारी महेन्द्र मेघवाल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की दृष्टि को रखकर समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोडना। अंतिम पक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सौ प्रतिशत कवरेज। एक भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। प्रभारी मेघवाल ने मण्डल स्तरीय वर्ग को सफलतापूर्वक करने के विस्तार से बिन्दुवार जानकारी दी। भूपेंद्र देवासी ने केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी एवं प्रदेश सदस्य आवडदान चारण व वक्ता मुकेश कुमार खण्डेलवाल ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि एवं हमारी कार्यपद्धति विषय पर एवं प्रदेश सदस्य दानाराम चौधरी ने राजस्थान सरकार की जनहितैषी योजना की विस्तार से जानकारी दी। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हींगलाजदान चारण ने बूथ प्रबंधन, सरल ऐप, सोशल मीडिया एवं एआई, नमो ऐप, सरल ऐप की विस्तार से जानकारी समझाई। भीनमाल विधानसभा प्रभारी मंगलसिंह सिराणा ने पार्टी का इतिहास एवं विकास के बारे में जानकारी दी। वक्ता एवं प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री मंजू मेघवाल ने वैचारिक अधिष्ठान पर प्रकाश डाला। रानीवाडा विधानसभा प्रभारी केराराम चौधरी ने मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का महत्व समझाया।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया किया। जिला कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष महामंत्री, प्रशिक्षण टोली , मोर्चा के जिलाध्यक्ष महामंत्री, जनप्रतिनिधि सहित अपेक्षित उपस्थित रहे।

### अवैध शराब व हुक्काबार पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की रातानाडा पुलिस ने भगवती कॉलोनी क्षेत्र में एक कैफे पर रेड दी। कैफे की आड़ में अवैध शराब और हुक्काबार चल रहा था। पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर केस दर्ज किया है।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि भगवती कॉलोनी क्षेत्र में एक कैफे में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है साथ ही हुक्काबार भी चल रहा है। इस पर हैडकांस्टेबल सुभाष सिंह ने मय जाब्ते के वहां रेड दी। पुलिस ने कैफे में अवैध शराब को बरामद किए जाने के साथ हुक्का सामठाी को बरामद किया। संचालक मंडली बालोतरा निवासी गणेश पुत्र बालाराम को नामजद कर केस दर्ज किया।

### युवक ने दी जान

**जोधपुर**,(कासं)। भट्टी की बावड़ी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने गुजरी रात अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि भट्टी की बावड़ी ठाकुरजी मंदिर के पास रहने वाले 37 वर्षीय गजेंद्र ने अपने घर में रात के समय में फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। भाई जितेंद्र ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

# रामचन्द्र पिड़वा जांगिड़ समाज सेवा समिति पाली के अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। चुनाव अधिकारियों द्वारा श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सेवा समिति, पाली के अध्यक्ष पद पर रामचन्द्र पिड़वा के निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया।

श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज सेवा समिति पाली के अध्यक्ष पद के चुनाव संशोधित विधान के अनुसार करवाने को लेकर अधिकृत सूचना 6 मार्च द्वारा कर सत्यनारायण बुढल, चम्पालाल वाणेचा, नरेन्द्र जांगिड, पुखाराम सुथार, गणपतलाल सायल एवं हरिकिषन जोपिंग को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव सूचना जारी कर चुनाव कार्य 7 को प्रारम्भ कर 10. मार्च को मतदान एवं मतगणना का कार्य करना निर्धारित किया गया।

निर्धारित दिनांक को 6 प्रत्याशियों ने नामाकन भरा एवं 4 प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस लेने पर शेष 2 प्रत्याषियों चुनावी मैदान में रहे। आज प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक हुए मतदान मे 271 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना मे रामचन्द्र पीडवा को 171 मत एवं प्रवीण कुमार बेगड को 68 मत मिलें, 32 वोट खारिज हुए।

श्री विश्वकर्मा भगवान के सामने नवनियुक्त अध्यक्ष को अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, लगन, मेहनत, ईमानदारी व अनुषासन के साथ करते हुए समाज का गौरव बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों एवं विजय प्रत्याशी ने समाजबन्धुओं का पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गॉधी कॉलोनी, जैसलमेर में किया गया।

रोजगार सहायता शिविर के दौरान जिला रोजगार अधिकारी, सुरेश कुमार ने प्रारम्भ में बेरोजगार आशार्थियों एवं कम्पनी नियोक्ता से रूबरू करवाया।

### नर्मदा मुख्य नहर में जलप्रवाह रहेगा बाधित

**जालोर**, (कासं)। नर्मदा मुख्य नहर के गुजरात और राजस्थान भाग में आवश्यक मरम्मत, रखरखाव एवं सिल्ट सफाई कार्यों के निष्पादन के लिए लिए गए निर्णयानुसार आगामी 2 अप्रेल से 21 दिनों की अवधि के लिए जल प्रवाह बंद रहेगा।

नर्मदा नहर परियोजना (वृत्त-प्रथम, सांचौर) के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल गहलोत ने बताया कि नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की उप-समिति द्वारा लिए गए निर्णय और सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड, गांधीनगर के साथ हुई आपसी सहमति के अनुसार, नर्मदा मुख्य नहर में जल प्रवाह 2 अप्रैल 2026 से 21 दिनों की अवधि के लिए बंद रहेगा। इस नहरबंदी के दौरान नर्मदा नहर परियोजना विभाग द्वारा नहर की सिल्ट सफाई और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है। यह कार्य नहर की कार्यक्षमता और भविष्य में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# जाडन में अधिवक्ताओं का राज्य स्तरीय सम्मेलन 14 से

**पाली**,(नि.सं.) ऑल राजस्थान एडवोकेट फेडरेशन द्वारा आयोजित होने वाली दो दिवसीय राज्य स्तरीय अधिवक्ता कॉन्फ्रेंस को लेकर अभिभाषक मंडल अध्यक्ष पी.एम. जोशी एवं सचिव मुकुल सोनी ने प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।

प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष पी.एम जोशी नें बताया गया कि यह राज्य स्तरीय अधिवक्ता कॉन्फ्रेंस 14 व 15 मार्च को पाली-जाडन स्थित प्रसिद्ध ओम आश्रम में आयोजित होगी, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान अधिवक्ताओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा अधिवक्ताओं को आ रही समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा और अधिवक्ता हितों को सुदृढ करने के विषय में व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में सचिव मुकुल सोनी नें यह भी बताया गया कि कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए अधिवक्ताओं के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें प्रदेशभर के अधिवक्ता उत्साहपूर्वक अपना पंजीकरण करवा रहे हैं।

पी.एम जोशी नें कहा कि कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत राजस्थान भर के अधिवक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों की एक विशेष सेमिनार भी आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिवक्ता हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

सेमिनार में मुख्य रूप से प्रत्येक जिले से बार काउंसिल सदस्य का निर्वाचन सुनिश्चित करने, जिला स्तर के अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ऐलीवेशन देने, अधिवक्ता वेलफेयर राशि में पारदर्शिता के साथ बढ़ोतरी करने तथा युवा अधिवक्ताओं के कल्याण को लेकर वेलफेयर फंड से स्टाइपेंड राशि प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

इसके अलावा टार्गेटेड केसेज प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के निराकरण, सभी अधिकरणों व लोक अदालतों में केवल प्रैक्टिसरत अधिवक्ताओं को ही सामाजिक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने, स्थानीय अधिवक्ताओं के संबंध में केवल स्थानीय अधिवक्ता संगठनों के सत्यापन को मान्यता देने तथा बार काउंसिल की बैठकें प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

सेमिनार में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर बार काउंसिल की शाखा खोलने, शीतकालीन अवकाश के दौरान जिला मुख्यालय पर उच्च न्यायिक सेवा एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारियों को शीतकालीन मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त करने, न्यायिक अधिकारियों के आदेशों की सतर्कता समिति द्वारा जांच की व्यवस्था करने तथा न्यायिक आदेशों एवं अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के संबंध में भी विस्तृत विचार-विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

इस सेमिनार में प्रदेशभर से आए अधिवक्ता संगठनों के प्रतिनिधि इन सभी विषयों पर चर्चा कर अधिवक्ता हितों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित करेंगे तथा उनकी पालना सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार, उच्च न्यायालय प्रशासन एवं बार काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस अवसर पर सुमेर सिंह राजपुरोहित, कमलेश दवेरा, जब्बरसिंह, योगेन्द्र ओझा, भागीरथ सिहं, कुन्दन चौहान , सद्दाम काजी , प्रवीण साहू, मुकेश आर्य, दीपक सोनी, गौरव, अल्ताफ हुसैन, हिंमाशु, सुर्य प्रकाश, विकास , उमेश , अर्जुन राठौड़, कुसुमलता , मोनिका , डिम्पल, देवेंद्र, गिरिश सहित कई जने उपस्थित रहे।

### मदन दिलावर आलावास आएंगे

**पाली**, (नि.सं.)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर 12 मार्च को पाली जिले के सोजत क्षेत्र के दौरे पर रहेगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर 11 मार्च को रात्रि 08 बजे जयपुर से रवाना होकर रात्रि 01 बजे पाली पहुचेंगे। वे सर्किट हाऊस पाली में रात्रि विश्राम करेंगे।

12 मार्च को प्रातः 09:30 बजे आलावास सोजत पहुचेंगे, जहां वे सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेगें। तथा वे प्रातः 11 बजे गैर राजकीय विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आयोजित राज्य स्तरीय लॉटरी कलेक्ट्रेट के वीसी रूम से वीसी में जुड़ेंगे। वे सांय 7 बजे कोटा के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की और से 12 मार्च को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढाने और सामाजिक कार्यक्रमों हेतु कॉमर्शियल सिलेण्डर उपलब्ध कराने में विफल रहने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट जालोर के सामने जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया की ईजरायल, अमेरिका और ईरान के मध्य हो रहे युद्ध के समय देश के हितों को संरक्षित करने में भाजपा की केन्द्र सरकार गलत विदेश नीति के कारण विफल रही है, जिस कारण देश में ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है। केन्द्र सरकार द्वारा आमजन पर मंहगाई का बोझ डालते हुये घरेलू रसोई गैस के दाम बढाकर गैस सिलेण्डर की कीमतों में 60 रूपये प्रति सिलेण्डर की बढोत्तरी की गई है। लगातार शादी-विवाह एवं समारोह आयोजित हो रहे हैं, किन्तु ऐसे समय में केन्द्र सरकार द्वारा इन समारोहों के आयोजन हेतु आवश्यक कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की आपूर्ति को भी बाधित कर दिया गया है, जिससे आमजन को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड रहा है और सामाजिक कार्य सम्पन्न करने में केन्द्र सरकार का यह निर्णय घातक है। इसके अतिरिक्त खाडी देशों में असंख्य भारतीय नागरिक फंसे हुये जिनकी वापसी के लिये भी कोई ठोस प्रयास केन्द्र सरकार द्वारा नहीं किये जा रहे हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार द्वारा व्यवस्था बनाये रखने में विफल रहने और देशवासियों पर मंहगाई का बोझ डालने के विरोध में पूरे प्रदेश में केन्द्र सरकार की अकर्मण्यता का विरोध करने का निर्णय लिया है।

कुम्पावत ने बताया कि कार्यक्रम में विधायकगण,विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश एवम जिला पदाधिकारीगण,वरिष्ठ कांग्रेसजन,वर्तमान एवम पूर्व जन प्रतिनिधिगण,ब्लॉक अध्यक्ष गण, नगर अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण,अग्रिम संगठन एवम प्रकोष्ठों विभाग के जिलाध्यक्षगणों सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### फलोदी में हल्लाबोल आज

**फलोदी**, (नि.सं.)। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर, कामर्शियल गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल आदि के दामों में वृद्धि की मार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज गुरुवार को शांतिपूर्वक धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस के फलोदी जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागोरी ए जानकारी दी।